<u>समाचार</u>

निगम के 28 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

(सहायक कार्यालय अधीक्षक, लेखापाल, राजस्व उपनिरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक सहित अन्य पदों पर दी गई पदोन्नति)

कोरबा 18 अक्टूबर 2022 – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा की विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा अनुसार निगम के 28 कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। सहायक कार्यालय अधीक्षक, लेखापाल, स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक सहित अन्य पदों पर यह पदोन्नतियॉ कर्मचारियों को प्राप्त हुई है।

जारी आदेश के अनुसार अरविंद कुमार वानखेडे व उत्तम कुमार साहू को सहायक कार्यालय अधीक्षक, प्रदीप कुमार सिकदर को लेखापाल, शैलेन्द्र कुमार नामदेव को स्वच्छता निरीक्षक, हेमंत कुमार गभेल, जीवन लाल साहू, कमल प्रसाद लहरे, गंगाप्रसाद तिवारी, तीजराम साहू, रमाशंकर पाण्डेय, अरूण कुमार मिश्रा, आनंद दुबे व शांतिलाल सोनी को सहायक ग्रेड–02, श्यामलाल साहू, तोताराम राठौर, कौशल प्रसाद राठौर, संतोष कुमार साहू, दिनेश अघरिया व धनेश कुमार यादव सहायक ग्रेड–03, रथराम राठौर, पवन सिंह कंवर, मनीष ठाकुर व तीजराम पटेल को राजस्व उपनिरीक्षक, अमृतदास मानिकपुरी, परमानंद राठौर व यशवंत राज को सहायक राजस्व निरीक्षक, बुधारूराम यादव व श्रीमती शांति साकार को दफ्तरी के पद पर पदोन्नत किया गया है।